# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 09.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 09.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अनुभव वर्मा व उनकी टीम द्वारा मु0अ0सं0 351/24 धारा 74,352,351(3) व 9/10 पॉक्सो एक्ट व 3(2)5 एससी एसटी एक्ट के आरोपी अभियुक्त देव रैकवार पुत्र शम्भू रैकवार निवासी कजियाना मोहल्ला द्वारिका पुरा कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम-

1.उ0नि0 श्री अनुभव वर्मा

2.आरक्षी भरत यादव

**(4).** आज सुबह ग्राम लोधौरा से श्री राजेश कुमार पुत्र पुत्र सुग्गीलाल निवासी ग्राम बैरिया थाना मऊ जनपद चित्रकूट अपनी पत्नी सुनीता एवं बेटी प्रतिभा तथा एक पुत्र के साथ अपने गांव वापस लुढ़ौरा से बैरिया जा रहे थे कि ग्राम बरेठी गौशाला के आगे करीब 200 मीटर पर सीधे सड़क से नीचे ट्रैक्टर उतर गया सूचना पर क्षेत्राधिकारी मऊ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। घटना में ट्रैक्टर पर सवार चारों लोगों को चोटे आई जिन्हें रेस्क्यू करके रामनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर इलाज के दौरान चालक राजेश पुत्र सूखी लाल उम्र करीब 30 वर्ष की मौत हो गई तथा सुनीता एवं प्रतिभा को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल सोनपुर रेफर कर दिया गया है अन्य विधिक कार्यवाही पंचायतनामा की कराई जा रही है।

**(5).** आज दिनाँक 09.06.2025 को जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी0 एन0 व पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार राजापुर में किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का निस्तारण किया जाता है उसका रजिस्टर में भी उल्लेख होना चाहिए और सम्बन्धित व्यक्ति को भी अवगत कराये की आपकी समस्या का समाधान हो गया है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक चित्रकूट ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर त्वरित निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक ने भूमि सम्बन्धित मामलों पर कहा कि राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर भूमि संबंधी मामलों को प्राथमिकता पर कब्जा मुक्त कराया जाये।

इस दौरान थानाध्यक्ष राजापुर श्री प्रवीण सिंह,पीआरओ श्री प्रदीप पाल एवं राजस्व,पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

**(6).** आज दिनाँक 09.06.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह द्वारा थाना मऊ,थाना बरगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ सफाई, महिला हेल्पडेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना व हवालात का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार हेतु दिशा निर्देश दिये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद, प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री दुर्गविजय सिंह प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ श्री शिवआसरे, एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।